>

Title: Need to provide relief to the people affected due to flood in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद श्रावस्ती एवं बलरामपुर में अतिवृष्टि एवं राप्ती नदी की कटान से उत्पन्न विभीषिका से अस्त-व्यस्त जनमानस की स्थिति की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। जनपद श्रावस्ती एवं बलरामपुर के सैकड़ों गांव राप्ती नदी की तबाही से प्रभावित हैं। राप्ती नदी का स्रोत नेपाल है तथा यह नेपाल से कलकलवा की ओर लक्ष्मणपुर बैराज से भारत में आती है। जनपद श्रावस्ती के ब्लॉक जमुनहा में स्थित जगपती देवी मन्दिर एवं उसी से सटा ग्राम बारू, मरघटपुरवा में नदी का कटान तेजी से जारी है और किसी भी वक्त कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ब्लॉक जमुनहा का एक अन्य ग्राम वीरपुरलौकिहा के तीन मजरो में से एक मजरा राप्ती नदी में जलमग्न हो चुका है एवं दूसरे मजरे के पांच घर नदी में समाहित हो चुके हैं।

जनपद बलरामपुर के ब्लॉक बलरामपुर में ग्राम जगदही, जबदहा, सिमरहना, चौकाकला, करमहना, बेलहा, बेलवा, सुलतानजोत एवं ब्लॉक हरैया सतघरवा के बेला, बेली, गोडवा का पुरवा - साहिबानगर, गंगावख्श भागड़, चौकाखुर्द, झौहना इत्यादि ग्राम नदी के कटान से बुरी तरह प्रभावित है। इसी कटान के चलते नदी की धारा का प्रवाह कई वर्ष पहले बदल गया था जिसके चलते कोडरी घाट पुल पर किये गये करोड़ों रुपए व्यय का कोई औचित्य नहीं रह गया है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए किसानों को हुए फसलों एवं पशुधन के नुकसान के कारण लगान एवं कर्ज की वसूली रोक दी जाये। खेत और घरों के कटान एवं फसल व पशुओं के नुकसान का मुआवजा दिया जाये। महामारी की आशंका को देखते हुए क्षेत्र में डॉक्टरों एवं औषधियों की व्यवस्था की जाये। इसके अलावा भुखमरी से जनमानस एवं पशुधन को बचाने हेतु क्षेत्र में खाद्य सामग्री एवं पशु चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये।